हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत 25 प्रतिशत चिन्हित स्वच्छता लक्षित इकाइयों को स्वच्छ स्थानों में बदलकर, उनका सौंदर्यीकरण किया है।मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि देशभर में पांच लाख से अधिक चिन्हित स्वच्छता लक्षित इकाइयां जो मुश्किल, चुनौतीपूर्ण और उपेक्षित स्थान थे, उन्हें स्वच्छता अभियान के लिए लक्षित किया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शहरी और ग्रामीण भारत के कायाकल्प के लिए तीन करोड़ से अधिक नागरिक स्वैच्छिक रूप से शामिल हो रहे हैं।

****

हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर है। राष्ट्रीय पार्टियों के स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के हक में समर्थन जुटाने के लिए पहुँच रहे हैं। कल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकूला से बी जे पी प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता और कालका से प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा के समर्थन में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लिया और जनता से उन्हें जिताने की अपील की। पुष्कर सिंह धामी ने पंचकूला से प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता की जमकर तारीफ की और बे जे पी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि श्री गुप्ता ने पंचकूला में पाँच करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। श्री धामी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सदा भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस नौकरियों में फिर से पर्ची व खर्ची की संस्कृति लाना चाहती है।श्री धामी ने कहा कि युवाओं को पता है कि उनका भविष्य बी जे पी की सरकार में ही सुरक्षित रह सकता है।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा को बदला है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और सुरक्षित हुआ है। डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा को बुलंदियों पर पहुंचाया है।

****

पंचकूला विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र मोहन ने अपने जनसंपर्क अभियान में बी.जे.पी सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह बयान बाजी में नहीं काम करने में विश्वास रखते हैं । उनके कार्यकाल में पंचकूला का जो विकास हुआ वह सबको पता है। हरियाणा प्रदेश के सभी कार्यालय जो पहले चंडीगढ़ हुआ करते थे चौधरी

भजनलाल के मुख्यमंत्री रहते उनके कार्यकाल में पंचकूला में स्थापित किए गए। चंद्र मोहन ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान पंचकूला के युवाओं की नौकरियों में भागीदारी जग जाहिर है।

****

कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने कल पिहोवा हलके से बी.जे.पी प्रत्याशी जयभगवान शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की। पिहोवा के गांव मुस्तापुर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अगर पिहोवा हलके की जनता जयभगवान शर्मा को अपने विधायक के रूप में चुनती है, तो हलके के विकास की गति दोगुनी और चौगुनी होगी। उन्होंने कहा कि जनता का बी जे पी के साथ जुड़ने का मतलब विकास को प्राथमिकता देना है।इसके बाद बी.जे.पी प्रत्याशी जयभगवान शर्मा और सांसद नवीन जिंदल ने पिहोवा हलके के गांव रुआ में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा में भाग लिया।

****

वरिष्ठ बी.जे.पी नेता अशोक तंवर ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में रिकॉर्ड तोड़ विकास हुआ है। देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भयमुक्त वातावरण बना है। कांग्रेस ने हमेशा डराने धमकाने का काम किया है। श्री अशोक तंवर कल करनाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि लोग सोच समझकर फैसला लें कि उन्हें किस तरह की पार्टी चाहिए, किस तरह का शासन और व्यवस्था चाहिए। श्री तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बी.जे.पी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाने का काम किया है। गरीबों को घर प्रदान किया है। देश की गरीब जनता को राशन देने का काम किया है। बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार मिले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों द्वारा अपना घर भरने की बात कहने के बाद जनता को सतर्क हो जाना चाहिए। कांग्रेस आखिर कैसी व्यवस्था लाना चाहती है, इसका अंदाजा हाल ही में मंच से हुई घोषणाओं और बयानों से लगाया जा सकता है।

****

कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर गांव में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में ब्राह्मण समाज ने कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा को समर्थन देने का फैसला लिया। ब्राह्मण समाज की ओर से अशोक अरोड़ा को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया और उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसी के साथ सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. संतोष दहिया ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ अशोक अरोड़ा को समर्थन देने का ऐलान किया।

****

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा टीम ने एक नशा तस्कर को लगभग 5 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास उर्फ काना के रूप में हुई है, वह दलीप कॉलोनी, सेक्टर-56 का निवासी है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी गांजा मध्य प्रदेश और मेवात से खरीदकर लाता था। उसके खिलाफ पहले भी नशा तस्करी के 5 मामले दर्ज हैं।